रिकॉर्ड करके इनको वापिस करें:

________________________________
________________________________
________________________________
________________________________

स्टेट ऑफ जॉर्जिया
काउंटी ऑफ ______________

**मार्ग का सुखभोग अधिकार**
**(सामान्य)**

यह **मार्ग का सुखभोग अधिकार** अधोहस्ताक्षरी ("प्रदाता") द्वारा **Sawnee Electric Membership Corporation** ("प्राप्तकर्ता") को इस ______ दिन ______________________, 20____ को प्रदत्त और संप्रेषित किया गया। "प्रदाता" और "प्राप्तकर्ता" शब्दों में यदि एक से अधिक हैं तो प्रत्येक पक्ष के नामित, प्रत्येक पक्ष के संबंधित वंशज, निष्पादनकर्ता, प्रशासक, उत्तराधिकारियों और निर्दिष्ट व्यक्तियों, और जहाँ संदर्भ के लिए वांछित और अनुमति है पुल्लिंग और स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग को शामिल किया जाता है और "प्राप्तकर्ता" के मामले में इस शब्द में प्राप्तकर्ता के कर्मचारी, एजेंट, कांट्रेक्टर और पट्टेदार भी शामिल होंगे। प्रदाता, एक डॉलर ($1.00) और अन्य वस्तु और मूल्यवान प्रतिफल के बदले, जिसकी प्राप्ति और पर्याप्तता की प्रदाता द्वारा अभिस्वीकृति प्रदान की जाती है, एतद् द्वारा नीचे वर्णित सुखभोग क्षेत्र मार्ग-का-अधिकार ("सुखभोग क्षेत्र") में जाने और अधिग्रहण करने और प्रदाता की नीचे वर्णित संपत्ति ("संपत्ति") को निम्नलिखित उद्देश्यों और उपयोग करने का शास्वत अधिकार प्राप्तकर्ता को प्रदान करता है:

**<u>निर्माण और पुर्ननिर्माण</u>**

सुखभोग क्षेत्र में भूमि, सतह और भूमिगत लाइनों, केबल, वायर, सामग्रियों और सुविधाओं (अलग-अलग या सामूहिक रूप से, "सिस्टम") की स्थापना, पर्नुस्थापना, निर्माण, पुर्ननिर्माण, स्थान परिवर्तन, स्थानांतरण, प्रचालन, रखरखाव, उपयोग, मरम्मत, संशोधन, सुधार, प्रतिस्थापन, विस्तार, जोड़ने या हटाने के लिए निम्नलिखित शामिल हैं परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं यानी पोल, टावर, क्रॉसआर्म, फिक्सर, पाईपलाइनें, मेनहोल, वॉल्ट, ट्रांसफार्मर, फ्युल सेल, पैड्स, उपकरणों, नींव और आधार, गाइवायर, एंकर और स्टब पोल (जिसमें से यहाँ वर्णित एंकर और स्टब पोल सुखभोग मार्ग-का-अधिकार की बाहरी सीमाओं के बाहर स्थापित किए जा सकते हैं) जो अभी या इसके बाद विद्युत ऊर्जा, डेटा और अन्य सूचनाएं, TV, केबल TV, माँग पर प्रसारण सेवाओं और अन्य मनोरंजन और संचार, इंटरनेट और अन्य सेवा और सिग्नलों तथा अन्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सुविधा या सेवा के संचारण या वितरण के लिए आवश्यक हैं या सुविधाजनक हो सकते हैं।

**<u>सुखभोग क्षेत्र में अस्थाई निर्माण और रखरखाव</u>**

उपरोक्त वर्णित सुखभोग अधिकारों के अतिरिक्त, प्रदाता ऐसी सटी हुई भमि पर पूर्वगामी सुखभोग से संलग्न एक निर्माण आयोजन सुखभोग प्रदान करता है जो प्राप्तकर्ता के सिस्टम स्थापित करने और उसके बाद रखरखाव, मरम्मत या प्रतिस्थापन करने के उद्देश्यों के लिए तर्कसंगत रूप से आवश्यक है।

**<u>प्रवेश और निकास</u>**

किसी भी समय उपरोक्त लाइनों और सिस्टम के निरीक्षण के उद्देश्य से सुखभोग क्षेत्र और संपत्ति (यदि आवश्यक है तो प्रदाता की किसी संलग्न संपत्ति) में से प्रवेश करना और प्राप्तकर्ता के उचित या समीचीन समझने पर समय-समय पर उपरोक्त लाइनों और सिस्टम में आवश्यक रखरखाव, मरम्मत, परिवर्तन, बदलाव, उन्नयन, परिवर्धन, विस्तार, जोड़ना और प्रतिस्थापन करना और किसी भी उपरोक्त बताए गए उद्देश्यों की सीमा के बगैर कार्य करना।

**रखरखाव के लिए मार्ग-का-अधिकार**

सुखभोग क्षेत्र के रखरखाव के लिए या अन्यथा सुखभोग क्षेत्र में सभी संरचनाओं, वृक्षों, अंगों या शाखाओं, तनों, जड़ों, नीचे स्थित झाड़ियों और भूमिगत वृद्धि को यांत्रिक या रासायनिक तरीकों द्वारा सुखभोग क्षेत्र को साफ करना और उपरोक्त लाइनों और सिस्टम के कुशल, सुरक्षित और उचित प्रचालन या रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए सुखभोग क्षेत्र यथायोग्य कोई अन्य कार्यवाई करना। प्राप्तकर्ता के विवेक के अनुसार सुखभोग क्षेत्र से बाहर किसी वृक्ष या वृक्षों ("खतरे वाली वृक्ष (क्षों)" को काटना, हटाना या छोड़ना जो प्राप्तकर्ता या इसके प्रतिनिधियों के विचार में एक संकट पैदा करते हैं उपरोक्त लाइनों और सिस्टम के कुशल, सुरक्षित और उचित प्रचालन या रखरखाव के लिए खतरा हो सकते हैं। यथा यहाँ प्रयुक्त खतरा वृक्ष ऐसा वृक्ष है जिसकी ऊंचाई जमा पाँच फुट उसके आधार से भमि पर एक बिंदु की दूरी के बराबर या अधिक है जो निकटमत लाइन या सिस्टम के हिस्से के ठीक नीचे है।

**प्रदाता के अधिकार**

प्रदाता के पास सुखभोग क्षेत्र में अपनाई गई भूमि के हर प्रकार से प्राप्त करने, चुनने और इस सुखभोग मार्ग-का-अधिकार से असंगत होते हुए, सुखभोग क्षेत्र में, ऊपर या आर-पार ड्राइववे, प्रवेश मार्गों और फुटपाथों के निर्माण के विशिष्ट अधिकारों सहित परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, उपयोग करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है। परंतु, प्रदाता के पास सुरक्षित ये अधिकार पूर्णकालिक रूप से जॉर्जिया यूटिलिटी फेसिलिटीज प्रोटक्शन एक्ट, हाई वोल्टेज सेफ्टी एक्ट और इन सबसे ऊपर प्राप्तकर्ता के इसकी सुविधाओं के रखरखाव, निरीक्षण और प्रचालन के उद्देश्य के लिए ऐसे सुखभोग क्षेत्र को पार करने वाले सड़कमार्गों, ड्राइववे, फुटपाथों या प्रवेशमार्गों के किसी हिस्से को खोदने, हटाने या नष्ट करने के अधिकार के शर्ताधीन होंगे, परंतु बशर्ते प्राप्तकर्ता को इसकी सुविधाओं के आरंभिक रूप से सथापित करने के बाद इस प्रकार हटाए या नष्ट किए गए सड़कमार्गों, ड्राइववे, फुटपाथों या प्रवेशमार्गों के किसी हिस्से की मरम्मत और पुर्नस्थापित करेगा। सुखभोग क्षेत्र में स्थापित कोई भी झाड़ी समूह, बाड़ या अन्य वनस्पति या संरचना प्रदाता के जोखिम पर स्थापित होगी, और प्राप्तकर्ता को यहाँ प्रदान किए गए अधिकार का उपयोग करने में किसी संरचना, झाड़ी समूह, बाड़ या समान निर्माण को होने वाले नुक़सान के प्रति जिम्मेदार नहीं होगा।

**विविध**

प्रदाता आश्वासन देता है और प्रतिनिधित्व करता है कि संपत्ति के स्पष्ट अधिकार प्रदाता के पास निहित है और प्राप्तकर्ता को यह सुखभोग निष्पादित करने और सौंपने के लिए पूर्णतया प्राधिकृत है। यदि प्रदाता एक कृत्रिम इकाई है, इस सुखभोग को निष्पादित कर रहे अधोहस्ताक्षरी व्यक्ति आश्वासन देते हैं और प्रतिनिधित्व करते हैं कि अधोहस्ताक्षरी उस इकाई की ओर से यह सुखभोग निष्पादित करने के लिए विधिवत रूप से प्राधिकृत हैं। प्रदाता प्रतिज्ञा करता है और इससे सहमत है कि इस सुखभोग के अनुसार प्राप्तकर्ता या इसके प्रतिनिधि द्वारा प्रदाता की संपत्ति पर स्थापित किया गया सिस्टम कायम रहेगा और जो इसके विकल्प पर हटाए या बदले जाने योग्य होगा।

**गैर-अनुपालन; सेवा की समाप्ति**

प्रदाता द्वारा इस सुखभोग की शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में, प्राप्तकर्ता के पास इस सुखभोग द्वारा प्रदाता के किसी परिसर में की जा रही विद्युत सेवा के प्रावधानों को समाप्त करने का अधिकार होगा, और प्रदाता इस प्रकार के समापन(नों) से उत्पन्न किसी या सभी दायित्वों से प्राप्तकर्ता को हानिरहित रखने के लिए सहमत है।

**सुखभोग क्षेत्र मार्ग-का-अधिकार**

संपत्ति में सुखभोग क्षेत्र ______ फुट चौड़ा और केंद्र से प्रत्येक दिशा में ______फुट पर इलेक्ट्रिकल कंडक्टर का निर्माण किया जाएगा जिसकी अवस्थिति आमतौर पर यहाँ संलग्न दस्तावेज "A" में दर्शाई गई है और संदर्भ द्वारा यहाँ शामिल की गई है।

# <u>संपत्ति का विवरण</u>

*निर्देश: यथा संभव अधिक से अधिक रिक्त स्थान भरें। उप-पैरा "A" अपर्याप्त है और कम से कम एक अतिरिक्त पैरा पूरा करने के द्वारा अनूपूरित किया जाए। यदि संभव हो, प्रदाता के लिए डीड में कानूनी विवरण को भरें या संलग्न करें।*

भूमि के सभी मार्ग, इससे सटे हुए जलमार्ग, स्ट्रीट, सड़के और हाइवे __________________ काउंटी, जॉर्जिया में स्थित हैं जो अधिक विशिष्ट रूप से निम्नानुसार वर्णित किए गए हैं:

A. प्रदाता की संपत्ति _____________________________________ से लगभग ______ मील दूरी पर सड़क/स्ट्रीट पर स्थित है जिसका मेल का पता ______________________________________, ________________, जॉर्जिया है।

B. प्रदाता ने यह संपत्ति ______________________________ से दिनांक _____ दिवस _______________, _____, को डीड द्वारा अर्जित की थी और उपरोक्त काउंटी के पब्लिक रीयल एस्टेट रिकॉर्ड में डीड बुक _____, पेज _____ पर रिकॉर्ड किया गया है, जिसके डीड और रिकॉर्ड को संपत्ति के अधिक स्पष्ट विवरण के लिए यहाँ शामिल किया गया है।

C. यथा प्लाट द्वारा दर्शाए गए लॉट _____, सेक्शन/ब्लॉक _____, के ____________________ सबडिविजन को उपरोक्त काउंटी के पब्लिक रीयल एस्टेट रिकॉर्ड में प्लाट बुक _____, पेज _____, में दर्ज किया गया है जिस प्लाट और उसके रिकॉर्ड को यहाँ संदर्भ द्वारा शामिल किया गया है।

D. एक प्लाट पर दर्शाई गई संपत्ति दिनांक ________ दिवस _______________________________, _____, को उपरोक्त काउंटी के पब्लिक रीयल एस्टेट रिकॉर्ड में प्लाट बुक _____, पेज _____, में दर्ज किया गया है, जिस प्लाट और उसके रिकॉर्ड को यहाँ संदर्भ द्वारा शामिल किया गया है।

E. प्रदाता की संपत्ति स्थल स्थलचिह्नों से घिरी हुई है और/या संपत्ति स्वामियों की अब या पूर्व स्वामित्व की संपत्ति निम्नानुसार है:

1. _________________________ दिशा ________________________
2. _________________________ दिशा ________________________
3. _________________________ दिशा ________________________
4. _________________________ दिशा ________________________

गवाहों की मौजूदगी में, अधोहस्ताक्षरी प्रदाता ने अपने हाथ से अंकित किया और उपरोक्त लिखित से पहले सील और वर्ष तथा तारीख अंकित की है।

कार्पोरेशन

हस्ताक्षरित, सील लगाया और सौंपा गया ______________________________

इनकी उपस्थिति में: एक जॉर्जिया कार्पोरेशन

______________________ द्वारा:______________________

गवाह प्रेजीडेंट

______________________ सत्यापन: ______________________

नोटरी पब्लिक

(कार्पोरेट सील)

---

सीमित देयता कंपनी

हस्ताक्षरित, सील लगाया और सौंपा गया ______________________________

इनकी उपस्थिति में: एक जॉर्जिया सीमित देयता कंपनी

______________________ द्वारा: ______________________

गवाह पदनाम: ______________________

______________________

नोटरी पब्लिक

---

भागीदारी

हस्ताक्षरित, सील लगाया और सौंपा गया ______________________________

इनकी उपस्थिति में: एक जॉर्जिया सीमित/सामान्य भागीदारी

______________________ द्वारा: ______________________

गवाह प्राधिकृत सामान्य भागीदार

______________________

नोटरी पब्लिक

---

हस्ताक्षरित, सील लगाया और सौंपा गया

इनकी उपस्थिति में: ______________________________

प्रदाता #1 के हस्ताक्षर

______________________

गवाह ______________________________

प्रदाता #1 का अंकित नाम

______________________

नोटरी पब्लिक ______________________________

प्रदाता #2 के हस्ताक्षर

______________________________

प्रदाता #2 का अंकित नाम